हरिभूमि
विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 10 सितंबर 2026
गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

06 प्रशासन की कार्रवाई से अतिक्रमणकारियों में हड़कंप, नाले की वास्तविक ...



09 मंडी निरीक्षक से अभद्रता, जातिसूचक शब्दों के प्रयोग और जान से मारने...



खबर संक्षेप

वन विकास निगम की 12 हेक्टेयर जमीन अतिक्रमण मुक्त कराई

लटेरी। वन विकास निगम की सरकारी जमीन पर किए गए अतिक्रमण के खिलाफ बुधवार को कार्रवाई की गई। वन विकास निगम की टीम ने छीरारी, जालपुर और शरीफपुर गांवों में पहुंचकर करीब 12 हेक्टेयर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया। अतिक्रमण कर बोई गई फसलों को ट्रैक्टर चलाकर नष्ट किया गया। कार्रवाई वन विकास निगम अधिकारी माया शुक्ला के नेतृत्व में की गई। टीम ने मौके पर जमीन का निरीक्षण कर चिन्हित अतिक्रमण वाले हिस्सों से फसलें हटाईं। अधिकारियों के अनुसार क्षेत्र में वन विभाग और वन विकास निगम की भूमि पर अतिक्रमण की शिकायतें लगातार मिल रही थीं। कई स्थानों पर सरकारी जमीन पर फसल बोकर कब्जा किए जाने की जानकारी सामने आई थी। कार्रवाई के दौरान अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सरकारी और वन भूमि पर अतिक्रमण किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। चिन्हित स्थानों पर आगे भी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई जारी रहेगी।

सेवानिवृत पुलिसकर्मियों को एसपी ने दी विदाई



विदिशा। पुलिस विभाग में सेवाएं देने वाले तीन पुलिसकर्मियों को एसपी कार्यालय में विदाई दी गई। एसपी रोहित काशवानी ने सहायक उप निरीक्षक संदीप देशमुख, प्रधान आरक्षक सुरेश कुमार तथा प्रधान आरक्षक (कार्यवाहक) शमीम बहादुर को शॉल, श्रीफल, प्रशस्ति-पत्र एवं पुलिस स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। संदीप देशमुख ने 41 वर्ष 1 माह 29 दिन, सुरेश कुमार ने 34 वर्ष 3 माह 12 दिन तथा शमीम बहादुर ने 31 वर्ष 11 माह 4 दिन की सेवा पूर्ण की। अधिकारियों एवं सहकर्मियों ने उनके सेवाकाल के संस्मरण साझा कर योगदान की सराहना की। एसपी काशवानी ने स्वस्थ, सुखद एवं समृद्ध सेवानिवृत्त जीवन की शुभकामनाएं दीं। समारोह में एएसपी मोनिका तिवारी सहित पुलिस अधिकारी-कर्मचारी एवं परिजन उपस्थित रहे।

ग्यारसपुर में मंडल स्तरीय बैठक हुई, 17 से सेवा संकल्प अभियान

ग्यारसपुर। भाजपा मंडल ग्यारसपुर की मंडल स्तरीय बैठक बुधवार को मंडल अध्यक्ष अजय गुर्जर के निज निवास पर आयोजित हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक एक माह का सेवा संकल्प अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। अभियान के तहत स्वच्छता, पौधारोपण, स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान, जरूरतमंदों की सहायता और जनजागरूकता सहित विभिन्न सेवा कार्य किए जाएंगे। बैठक में महामंत्री शिवराज रघुवंशी, लखन पंथी, प्रताप सिंह रघुवंशी सहित मंडल पदाधिकारी, बूथ अध्यक्ष और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

लोक अदालत के प्रचार वाहन आज होंगे रवाना

विदिशा। आगामी तृतीय नेशनल लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए प्रचार वाहनों को गुरुवार 10 सितंबर को रवाना किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 10:30 बजे जिला न्यायालय परिसर में आयोजित होगा। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश हरी झंडी दिखाकर वाहनों को रवाना करेंगे। ये वाहन जिले के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर नागरिकों को लोक अदालत की उपयोगिता, प्रकरणों के त्वरित निराकरण तथा आपसी सहमति से विवादों के समाधान की जानकारी देंगे। लोक अदालत का उद्देश्य पक्षकारों को सरल, सुलभ एवं शीघ्र न्याय उपलब्ध कराना है।

भीड़ को नियंत्रित करने पुलिस ने दागे अश्रु गैस के गोले, भीड़ को खदेड़ा

त्योहारों से पहले पुलिस ने कसी कमर, पुलिस लाइन में भीड़ बेकाबू होने से लेकर दंगा और आपदा जैसी स्थिति तक का किया अभ्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

पुलिस लाइन में बुधवार को भीड़ बेकाबू हो गई, दंगे जैसी स्थित बन गई। अचानक से पुलिस को सूचना मिली और पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए कार्रवाई शुरू की।

अश्रु गैस, लाठी, रायफल और स्ट्रेचर लेकर पुलिस मौके पर पहुंची। यह पूरा नजारा देखने में तो एकदम सच्ची घटना की तरह ही था, लेकिन असल में पुलिस ऐसी स्थिति बनने पर तुरंत उसे नियंत्रित करने के लिए अभ्यास कर रही थी। आगामी त्योहारों और बड़े आयोजनों के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने अपनी तैयारियों को परखा। बुधवार को पुलिस लाइन में एसपी रोहित काशवानी की मौजूदगी में बलवा ड्रिल की गई।

पुलिस जवानों ने भीड़ नियंत्रण, दंगा-रोधी कार्रवाई, आपदा प्रबंधन और आकस्मिक परिस्थितियों से निपटने का लाइव अभ्यास किया। ड्रिल के दौरान जवानों को अलग-अलग दलों में बांटकर परिस्थितियों के अनुरूप कार्रवाई कराई गई। अश्रु गैस पार्टी, कैन पार्टी, लाठी पार्टी, राइफल पार्टी, रिजर्व पार्टी और स्ट्रेचर पार्टी ने अपनी जिम्मेदारियों का प्रदर्शन किया। वहीं वज्र वाहन के माध्यम से भीड़ को नियंत्रित करने और स्थिति को सामान्य करने का अभ्यास कराया गया।



विदिशा। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए अश्रु गैस को गोले दागते पुलिस जवान।

बदल गया माहौल

मॉक ड्रिल में ऐसी परिस्थितियां तैयार की गईं, जिनमें अचानक भीड़ उग्र हो जाए या कानून-व्यवस्था बिगड़ने का खतरा पैदा हो। जवानों ने बैरिकेडिंग, वाटर कैनन, अश्रु गैस के उपयोग, भीड़ को नियंत्रित करने और तितर-बितर करने के साथ ही घायलों को प्राथमिक उपचार देने की प्रक्रिया का भी प्रदर्शन किया। पुलिसकर्मियों के बीच आपसी समन्वय और त्वरित निर्णय क्षमता को भी परखा गया।

कानून व्यवस्था बनाए रखना प्राथमिकता: एसपी



एसपी रोहित काशवानी ने कहा कि त्योहारों के दौरान शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। नियमित प्रशिक्षण और मॉकड्रिल से किसी भी आकस्मिक स्थिति में पुलिस की त्वरित और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित होती है। इस अवसर पर एएसपी मोनिका तिवारी, एसडीओपी लटेरी अमरेश बोहरे, एसडीओपी कुरवाई रोशनी सिंह सहित विभिन्न पुलिस अधिकारी, थाना-चौकी प्रभारी और बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी मौजूद रहे। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि त्योहारों को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाएं तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि या कानून-व्यवस्था संबंधी स्थिति की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

इलाज में देरी: टोकन मिलने के बाद बैठे बैठे तड़पते रहे मरीज तब मिला इलाज

हड़ताल : मेडिकल कॉलेज में चरमराई व्यवस्था इलाज के लिए घंटों तक करना पड़ रहा इंतजार

अपनी मांगों को लेकर हड़ताल कर रहे इंटर्न डॉक्टर्स के उपचार न करने के कारण मेडिकल कॉलेज में उपचार व्यवस्था पटरी से उतर गई। मरीज इलाज के लिए तड़पते देखे गए।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

इंटर्न डॉक्टर्स की मांगों को लेकर चल रही हड़ताल के कारण मेडिकल कॉलेज में उपचार व्यवस्था चरमरा गई है।

मरीजों को इलाज के लिए घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। मरीजों का कहना है कि ओपीडी में भीड़ अधिक होने के कारण टोकन मिलने के बावजूद डॉक्टर को दिखाने के लिए घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार मेडिकल कॉलेज के करीब 50 से 60 डॉक्टर भोपाल में हड़ताल पर गए हैं, जिसका असर मरीजों की व्यवस्थाओं पर दिखाई दे रहा है।

ढोलखेड़ी निवासी चैन सिंह अहिरवार अपनी पत्नी की तबीयत खराब होने पर मंगलवार को सुबह करीब 11 बजे मेडिकल कॉलेज पहुंचे थे। उन्हें डॉक्टर को दिखाने के लिए 140 नंबर मिला, लेकिन दोपहर 2:30 बजे तक नंबर नहीं आया और डॉक्टर उठ गए। इसके बाद वे बुधवार को फिर पत्नी को लेकर मेडिकल कॉलेज पहुंचे। इस बार सुबह 11 बजे से पहले पहुंचने पर उन्हें 119 नंबर मिला, लेकिन दोपहर 12 बजे तक केवल 56 नंबर ही चल पाया था। चैन सिंह के अनुसार उन्हें आशंका है कि बुधवार को भी डॉक्टर को दिखाए बिना लौटना पड़ सकता है। उन्होंने बताया कि मंगलवार को करीब 60 से 70 मरीज डॉक्टर को दिखाए बिना वापस चले गए थे। मरीजों ने मांग की है कि हड़ताल के दौरान वैकल्पिक व्यवस्था कर ओपीडी में डॉक्टरों की संख्या बढ़ाई जाए, ताकि मरीजों को समय पर उपचार मिल सके।



विदिशा। पर्चा बनवाने के बाद भी घंटों तक अपनी बारी आने के इंतजार में मेडिकल कॉलेज में बैठे रहे मरीज।

- भोपाल में हुए प्रदर्शन में शामिल होने गए थे डॉक्टर्स।

पर्चा बनवाने ही डेढ़ घंटे लाइन में लगना पड़ा

इसी तरह बासौदा निवासी वरुण कुशवाह पेट संबंधी बीमारी के इलाज के लिए बुधवार सुबह 9 बजे मेडिकल कॉलेज पहुंचे। करीब डेढ़ घंटे लाइन में लगने के बाद उनका पर्चा बना। इसके बाद मेडिसिन विभाग में डॉक्टर को दिखाने के लिए उन्हें 107 नंबर का टोकन मिला। दोपहर तक वे लाइन में अपनी बारी का इंतजार करते रहे।

शिक्षा विभाग ने की बच्चों की गणना, 29 बच्चे मिले

चौपड़ा गांव में बंद स्कूल के मामले में बना पंचनामा



हैदरगढ़। खबर प्रकाशित होने के बाद बच्चों का सर्वे करने गांव पहुंची टीम।

हरिभूमि न्यूज ⏭हैदरगढ़

हैदरगढ़ संकुल अंतर्गत ग्राम पंचायत मोहम्मदगढ़ के आदिवासी बहुल ग्राम चौपड़ा में वर्षों से बंद पड़े स्कूल और बच्चों की शिक्षा संबंधी समस्या को हरिभूमि ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था। खबर का असर हुआ और शिक्षा विभाग ने गांव पहुंचकर स्कूल की आवश्यकता को लेकर सर्वे किया। 8 सितंबर को तैयार पंचनामा में बच्चों की आयु एवं संख्या की जानकारी दर्ज की गई। अब तक करीब 29 बच्चों का सर्वे किया गया है, जबकि अंधेरा होने के कारण कुछ घरों का सर्वे बाकी रह गया। निरीक्षण के दौरान जन शिक्षक विनोद जैन, दयाराम अहिरवार, शिक्षक प्रदीप शर्मा सहित ग्रामीण मौजूद रहे। स्कूल नहीं होने से बच्चों को दूर पढ़ने जाना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने विभाग की पहल का स्वागत करते हुए जल्द स्कूल शुरू करने अथवा स्थायी शिक्षा व्यवस्था की मांग की है। ग्रामीणों को अब सर्वे के बाद स्कूल खुलने की उम्मीद है।

खबर का असर

डॉक्टर को चाकू मारने वाले दो आरोपियों को 6-6 माह की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

डॉक्टर के साथ चाकूबाजी करने वाले 2 आरोपियों को न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी रिनी खान शेख ने 6-6 माह के कठोर कारावास की सजा सुनवाई है।

बरईपुरा निवासी बृजेश सेन उर्फ राजू 22 वर्ष पिता छुट्टनलाल सेन और आकाश कुमार विश्वकर्मा 27 वर्ष पिता श्रवण विश्वकर्मा निवासी रायपुरा ने 6 जून 2022 की रात करीब 11:15 बजे वैशाली नगर निवासी डॉक्टर सुरेंद्र किरार के घर के बाहर पुरानी रंजिश को लेकर गालियां दी। डॉक्टर के गाली गलौज करने से मना करने पर आरोपी आकाश ने डंडे से हमला कर दिया। डॉक्टर सुरेंद्र किरार की सीधे हाथ की कलाई के ऊपर वार किया, जिससे उन्हे चोट आई। वहीं आरोपी राजू ने चाकू से वार किया जिससे बाएं हाथ एवं पीठ में चोट पहुंचाई। फरियादी के चिल्लाने पर दोनों आरोपी मौके से भाग गए। घटना को फरियादी की पत्नी एवं एक अन्य व्यक्ति ने देखा था। इसके बाद फरियादी रात में अस्पताल गया, जहां उसका उपचार कराया गया और रात में ही घर वापस आ गया। अगले दिन 7 जून 2022 को फरियादी ने थाना कोतवाली में आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर अपराध पंजीबद्ध कर मामले की विवेचना की। प्रकरण में सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी के तर्कों से सहमत होते हुए न्यायालय ने दोनों आरोपियों को दोषी ठहराकर सजा सुनाई।

बलात्कार के मामले में 2 हजार का इनामी फरार आरोपी गिरफ्तार

विदिशा। कोतवाली पुलिस ने बलात्कार के प्रकरण में लंबे समय से फरार 2 हजार रुपए के इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई एसपी रोहित काशवानी के निर्देशन, एएसपी मोनिका तिवारी एवं सीएसपी अतुल सिंह के मार्गदर्शन में की गई। पुलिस के अनुसार कोतवाली थाने में दर्ज अपराध में आरोपी आशीष तिवारी (27) पिता राजेंद्र तिवारी निवासी नगतला राजपूत कॉलोनी विदिशा फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी पर एसपी ने 2 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। कोतवाली पुलिस लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही थी। इसी दौरान विश्वसनीय मुखबिर सूचना पर पुलिस टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसे न्यायालय में पेश कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

दस लाख की कार से करते थे ब्राउन शुगर की तस्करी, 40 ग्राम के साथ 3 आरोपी गिरफ्तार

बैरसिया रोड पर पुलिस को देख भागने लगे आरोपी, पूछताछ में सामने आए नेटवर्क के सुराग

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

जिले में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 40 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

बरामद ब्राउन शुगर की अनुमानित कीमत करीब 4 लाख रुपए, जबकि परिवहन में इस्तेमाल हुंडई एक्सेंट कार की कीमत करीब 10 लाख रुपए बताई गई है। थाना कोतवाली पुलिस टीम कस्बा भ्रमण के दौरान ग्राम बागरी बैरसिया रोड के पास पहुंची। पुलिस वाहन देखते ही कार सवार 3 संदिग्धों ने वाहन को वापस बैरसिया की ओर भगाने का प्रयास किया। पुलिस ने घेराबंदी कर तीनों को दबोच लिया। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से 40 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई। कार्रवाई एसपी रोहित काशवानी के निर्देशन, एएसपी मोनिका तिवारी व सीएसपी अतुल सिंह के मार्गदर्शन में टीआई आनंद राज की टीम ने की।



विदिशा। गिरफ्त में आए तीनों आरोपियों का रिमांड लेगी कोतवाली पुलिस।

पुलिस ने आरोपियों को रिमांड पर लिया

पुलिस के अनुसार आरोपियों से पूछताछ में मादक पदार्थों के अवैध कारोबार से जुड़े अन्य लोगों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी मिली है। पुलिस अब ब्राउन शुगर की खरीद-फरोख्त और आपूर्ति श्रृंखला से जुड़े अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी है। पुलिस ने बताया कि आरोपी लोकेश धाकड़ (38), वीरेंद्र सिंह दांगी (43) और आशीष गुर्जर उर्फ आशु (40) विदिशा के निवासी हैं। तीनों को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड लिया गया है। इससे इस पूरे नेटवर्क का भांड़ाफोड किया जा सके।

बड़ा सर्राफा एसोसिएशन के अध्यक्ष बने संजय जैन चौधरी



विदिशा। बड़ा सर्राफा एसोसिएशन की चुनावी बैठक संरक्षक मनमोहन अग्रवाल की मौजूदगी में आयोजित हुई। बैठक में एसोसिएशन के विगत कार्यकाल का लेखा-जोखा महामंत्री राजेश खुबाल ने प्रस्तुत किया। जनरल बैठक में उपस्थित सदस्यों ने आपसी सहमति से चुनाव कराने पर सहमति जताई। इसके बाद संजय जैन चौधरी को पुनः सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। चुनाव प्रक्रिया के दौरान सर्राफा एसोसिएशन के सदस्यों की शत-प्रतिशत उपस्थिति रही। बैठक में मनमोहन अग्रवाल, अवधनारायण स्वर्णकार, हीरालाल रघुवंशी, सतेन्द्र लश्करी, राजेश सर्राफ, संजीव भंडारी, वैभव सर्राफ, पवन सोनी, दीपक सोनी, राजेश कौशल, नीलू सोनी, लोकेश चौधरी, शैलेन्द्र जैन बड़ू, मोनू चौधरी, दिनेश सोनी, पवन जैन सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे। सदस्यों ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष को बधाई देते हुए एसोसिएशन को मजबूत बनाने के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

बुजुर्गों की पीड़ा सुनी, परिवारों को समझाया, आपसी सहमति से लौटाई रिश्तों में मिठास

रिश्तों में आई दरार को संवाद ने जोड़ा, सीनियर सिटिजन पुलिस पंचायत में एएसपी ने सुलझाए 2 पारिवारिक विवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं के समाधान और उन्हें सम्मानजनक जीवन का भरोसा दिलाने के उद्देश्य से पुलिस की सीनियर सिटिजन पुलिस पंचायत की बैठक बुधवार को आयोजित की गई।

एसपी रोहित काशवानी के निर्देशन एवं एएसपी मोनिका तिवारी के मार्गदर्शन में हुई बैठक में पंचायत कोर कमेटी के सदस्य डॉ. सचिन गर्ग, डीके बाजपेयी, आरके कुलश्रेष्ठ एवं अजय टंडन मौजूद रहे। बैठक में वरिष्ठ नागरिकों से संबंधित दो प्रकरण सामने आए। दोनों मामलों में पुलिस पंचायत ने शिकायतों को केवल कानूनी दृष्टि से नहीं, बल्कि पारिवारिक संवेदनशीलता के साथ सुना और संवाद व समझाइश के माध्यम से समाधान कराया।

पहला प्रकरण: विदिशा निवासी 66 वर्षीय महिला ने शिकायत की कि उनका पुत्र गाली-गलौज कर उन्हें परेशान करता है। दोनों पक्षों को बुलाकर उनकी बात सुनी गई और कोर कमेटी ने समझाइश देकर आपसी संवाद कराया। कार्यवाही के बाद महिला ने पुत्र के साथ प्रसन्नता जताते हुए संतोष व्यक्त किया।



विदिशा। पुलिस पंचायत में सीनियर सिटिजन की समस्याएं सुनते हुए एएसपी।

दूसरा प्रकरण: अत्यधिक वृद्ध बुजुर्ग दंपति ने बहू पर गाली-गलौज, विवाद और उचित भरण-पोषण नहीं करने का आरोप लगाया। दोनों पक्षों को समझाने के बाद सम्मान, संवाद और पारिवारिक सामंजस्य बनाए रखने पर सहमति बनी और प्रकरण का समाधान कराया गया। सीनियर सिटिजन पुलिस पंचायत वरिष्ठ नागरिकों के पारिवारिक एवं संपत्ति संबंधी विवादों का संवेदनशीलता, समझाइश और आपसी सहमति से समाधान कराने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है।

मोतिया नाले पर अतिक्रमण का सीमांकन, जेसीबी से हटाया निर्माण और मलबा

प्रशासन की कार्रवाई से अतिक्रमणकारियों में हड़कंप, नाले की वास्तविक चौड़ाई हुई चिन्हित

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

ग्राम पंचायत खेरूआ में मोतिया नाले पर अतिक्रमण के मामले को प्रशासन ने गंभीरता से लेते हुए बुधवार को कार्रवाई की। तहसीलदार अतुल श्रीवास्तव ने राजस्व निरीक्षक सौरभ प्रजापति एवं हल्का पटवारी देवेंद्र गौड़ के साथ मौके पर पहुंचकर नाले का विधिवत सीमांकन कराया। सीमांकन के दौरान नाले के एक बड़े हिस्से पर अतिक्रमण पाया गया। मौके पर विकसित की जा रही एक कॉलोनी में नाले की चौड़ाई कम करने के लिए मलबा डाले जाने की बात सामने आई। प्रशासन ने जेसीबी की मदद से नाले के रास्ते में डाले गए मलबे को हटवाया। वहीं अतिक्रमण की सीमा में आने वाले एक नवनिर्मित मकान के हिस्से को भी जेसीबी से तोड़ा गया। कार्रवाई के बाद नाले की प्रभावित जगह को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया, ताकि भविष्य में जल निकासी बाधित न हो और दोबारा अतिक्रमण की स्थिति निर्मित न हो।



पाराशरी नदी के समीप तीन मंजिला भवन पर भी कार्रवाई की मांग

इधर पाराशरी नदी पुल के समीप बने एक तीन मंजिला भवन को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि भवन निर्माण के लिए नगर पालिका से अनुमति नहीं ली गई है। बताया जा रहा है कि नगर पालिका द्वारा पूर्व में संबंधित निर्माणकर्ता को नोटिस जारी कर कार्रवाई के लिए पत्राचार भी किया जा चुका है, लेकिन अब तक प्रभावी कार्रवाई नहीं हो सकी। स्थानीय लोगों ने इस मामले में भी निष्पक्ष जांच कर भवन की वैधता, निर्माण अनुमति और नदी-नाले के निर्धारित दायरे की जांच कराने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि किसी निर्माण में नियमों का उल्लंघन पाया जाता है तो प्रशासन को बिना किसी दबाव के समान रूप से कार्रवाई करनी चाहिए।

समाचार प्रकाशन के बाद हरकत में आया प्रशासन



मोतिया नाले पर अतिक्रमण का मामला सोमवार को समाचार पत्रों में प्रमुखता से प्रकाशित हुआ था। इसके बाद प्रशासन ने मामले को संज्ञान में लेते हुए मौके पर पहुंचकर राजस्व अभिलेखों के आधार पर सीमांकन कराया। सीमांकन में नाले की भूमि पर अतिक्रमण की स्थिति सामने आने के बाद तत्काल कार्रवाई की गई। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि नाले की भूमि के आसपास प्लॉट विकसित कर उन्हें बेचने का काम किया गया है। तहसीलदार अतुल श्रीवास्तव ने संबंधित लोगों को स्पष्ट किया कि नदी-नालों के निर्धारित दायरे में पक्का निर्माण नहीं किया जा सकता। प्रशासन द्वारा नाले की भूमि को सुरक्षित रखने और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई आगे भी जारी रहने के संकेत दिए गए हैं। खेरूआ में हुई कार्रवाई के बाद अब स्थानीय लोगों ने शहर क्षेत्र से होकर गुजरने वाले मोतिया नाले पर बने पक्के अतिक्रमणों को भी चिन्हित कर कार्रवाई करने की मांग उठाई है। लोगों का कहना है कि नालों के संकरे होने से बारिश के दौरान जल निकासी प्रभावित होती है और आसपास के क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति बन सकती है।

पुलिस ने चोरी की बाईक सहित आरोपी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



पुलिस ने 80 हजार कीमत की मोटरसाइकिल सहित एक चोर को गिरफ्तार किया है। फरियादी दीपक साहू निवासी धर्मकांटा, बरेठ रोड द्वारा अपनी बजाज प्लेटिना मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 40एम एच6072 घर के बाहर से अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट थाना शहर में दर्ज कराई थी। पुलिस ने धारा 303(2) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया । वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश में एसडीओपी शिखा भलावी के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी शहर संजय वेदिया के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई। विवेचना के दौरान प्राप्त भौतिक एवं तकनीकी साक्ष्यों तथा मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी राहुल अहिरवार निवासी हथोड़ा को गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से चोरी गई बजाज प्लेटिना मोटरसाइकिल बरामद की गई। आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया। उक्त कार्रवाई में शहर निरीक्षक संजय वेदिया, राजेन्द्र शर्मा, प्रवेश जाट, सतेन्द्र तोमर, गौरव शर्मा, रत्नेश रोहित, अनिल यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

यातायात पुलिस ने अभियान के तहत की जुर्माने की कार्रवाई



गंज बासौदा। बुधवार को यातायात पुलिस द्वारा जय स्तंभ चौक पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। यातायात निरीक्षक निरपत सिंह लोधी के नेतृत्व में चलाए गए अभियान के दौरान पुलिस ने वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने की समझाइश दी। चेकिंग के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 20 वाहन चालकों के विरुद्ध जुर्माने की कार्रवाई की गई। पुलिस द्वारा इन वाहन चालकों से कुल 2100 रुपए का जुर्माना वसूल किया गया। यातायात पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की कि वे वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करें और आवश्यक दस्तावेज साथ रखें। इस दौरान यातायात अमला मौजूद रहा।

तौल-कांटा शुल्क वृद्धि के प्रस्ताव पर व्यापारियों में चिंता, पुनर्विचार की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंज बासौदा

मध्यप्रदेश में नापतौल विभाग से संबंधित नियमों में प्रस्तावित संशोधनों एवं तौल-कांटा निरीक्षण सत्यापन शुल्क में संभावित वृद्धि को लेकर व्यापारियों में चिंता का माहौल है। इस संबंध में किराना व्यापारी संघ द्वारा प्रधानमंत्री एवं मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम एसडीओपी शिखा भलावी को ज्ञापन सौंपकर प्रस्तावित प्रावधानों पर पुनर्विचार करने की मांग की गई है। ज्ञापन में कहा गया है कि प्रस्तावित संशोधनों के तहत तौल-कांटा निरीक्षण एवं सत्यापन शुल्क में लगभग तीन गुना वृद्धि किए जाने की बात सामने आई है। इसके साथ ही विभिन्न प्रावधानों के उल्लंघन पर वर्तमान जुर्माने की राशि में भी बड़ी वृद्धि प्रस्तावित बताई जा रही है। व्यापारियों के अनुसार, ऐसी व्यवस्था लागू होने से छोटे दुकानदारों, फुटकर व्यापारियों, फल-सब्जी विक्रेताओं तथा सीमित पूंजी के साथ व्यवसाय करने वाले लघु व्यापारियों पर अतिरिक्त आर्थिक भार पड़ सकता है। व्यापारी संघ का कहना है कि वर्तमान समय में बढ़ती महंगाई, किराया, बिजली, परिवहन एवं अन्य व्यापारिक लागत के कारण छोटे व्यवसाय पहले से ही आर्थिक दबाव में हैं। ऐसे में निरीक्षण, सत्यापन, पंजीयन एवं अन्य शुल्कों में अत्यधिक वृद्धि से उनकी परेशानियां और बढ़ सकती हैं। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि तौल-कांटा निरीक्षण एवं सत्यापन शुल्क में प्रस्तावित वृद्धि पर पुनर्विचार किया जाए तथा छोटे एवं लघु व्यापारियों के लिए रियायती एवं व्यावहारिक शुल्क व्यवस्था लागू की जाए। साथ ही जुर्माने की राशि उल्लंघन की प्रकृति एवं व्यापारी की आर्थिक क्षमता के अनुरूप निर्धारित करने, पंजीयन एवं नवीनीकरण प्रक्रिया को सरल और कम खर्चीला बनाने की मांग की गई है। व्यापारी संघ ने यह भी आग्रह किया है कि किसी भी अंतिम निर्णय से पूर्व प्रदेश के प्रमुख व्यापारी संगठनों एवं संबंधित हितधारकों से व्यापक विचार-विमर्श किया जाए, ताकि नियमों का प्रभावी क्रियान्वयन होने के साथ-साथ छोटे व्यापारियों के हित भी सुरक्षित रह सकें। इस मौके पर संरक्षक मोहित समैया,दीपक चौरसिया, अध्यक्ष वीरेंद्र जैन रुचिला, मनोज डागा, सतीश महेश्वरी, मुकुल जैन, प्रकाश वाधवानी, राकेश चौरसिया, नीलेश दीक्षा, आकाश महेश्वरी, प्रशांत साहू, पवन जैन, संतोष जैन राजकुमार साहू, सुनील साहू, प्रतीक जैन सहित अनेक किराना व्यापारी मौजूद रहे।



बारिश के मौसम को ध्यान में रखते हुए किसान लगे जोर शोर

मौसम खुलते ही क्षेत्र में उड़द की कटाई हुई शुरू

गंजबासौदा। क्षेत्र में दो दिन से मौसम खुलते ही किसानों ने उड़द की फसल की कटाई का काम तेजी से शुरू कर दिया है। लगातार बारिश के कारण खेतों में नमी अधिक थी और फसल खेत में ही खराब होने की आशंका बनी हुई थी। अब धूप निकलते ही किसान मजदूरों के साथ खेतों में पहुंच गए हैं। किसानों के अनुसार इस वर्ष उड़द की फसल अच्छी हुई है। पिछले हफ्ते हुई बारिश के कारण कटाई रुकी हुई थी, लेकिन अब मौसम साफ होते ही कटाई और गहाई का काम युद्धस्तर पर किया जा रहा है। क्षेत्र के ग्राम त्योंदा, खेरूआ, आटासेमर , महागौर,गामाखर सहित कई गांवों में सुबह से ही खेतों में बड़ी संख्या में मजदूरों की चहल-पहल देखी जा रही है। मजदूरों की मांग बढ़ने से उनकी मजदूरी भी 350 से 400 रुपये प्रतिदिन तक पहुंच गई है। कई किसानों ने तो पहले से ही मजदूर एडवांस रुपए दे दिए हैं। किसान रामबाबू यादव ने बताया कि उड़द की फलियां पक कर तैयार हैं, यदि समय पर कटाई नहीं की गई तो फलियां चटक कर दाने झड़ने लगते हैं, जिससे नुकसान होता है। इसलिए सभी किसान जल्दी-जल्दी कटाई निपटा रहे हैं। कृषि उपज मंडी में भी उड़द की नई आवक शुरू होने की उम्मीद है। मंडी सचिव के अनुसार अगले सप्ताह से मंडी में उड़द की आवक बढ़ेगी। इस बार उड़द के अच्छे भाव मिलने की उम्मीद से किसानों में उत्साह है।

सरकारी स्कूलों की खराब हालत में सुधार की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

'स्कूल बचाओ अभियान' के तहत स्कूलों का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंज बासौदा



बुधवार को नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा कलेक्टर के नाम तहसीलदार अतुल श्रीवास्तव को एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें युवा कांग्रेस द्वारा चलाए जा रहे 'स्कूल बचाओ अभियान' के तहत इन स्कूलों का निरीक्षण किया गया। ग्राम नरोदा के सरकारी स्कूल का भवन बहुत जर्जर हो चुका है। मजबूरी में कक्षा 1 से 8 तक के बच्चों की कक्षाएं दो अलग-अलग किराए के कमरों में लगाई जा रही हैं। इसी तरह ग्राम उकायला के सरकारी स्कूल भवन का प्लास्टर लगातार गिर रहा है। फर्श पूरी तरह उखड़ चुका है। शौचालयों की हालत भी बहुत खराब है, जिससे छात्र-छात्राओं की सुरक्षा और स्वास्थ्य को खतरा है। जर्जर भवनों के कारण हर समय किसी हादसे का डर बना रहता है। यह स्थिति क्षेत्र में शिक्षा के गिरते स्तर और प्रशासनिक अनदेखी को दिखाती है। कांग्रेस ने मांग की है कि ग्राम नरोदा में नया भवन मंजूर किया जाए। साथ ही, ग्राम उकायला के सरकारी स्कूल भवन का तुरंत तकनीकी निरीक्षण कराकर मरम्मत को मंजूरी दी जाए। छात्र-छात्राओं के लिए सुरक्षित पीने का पानी और ठीक से काम करने वाले शौचालयों की व्यवस्था भी सुधारी जाए। जब तक स्थायी व्यवस्था नहीं होती, तब तक बच्चों की पढ़ाई के लिए पूरी तरह सुरक्षित जगह तय की जाए। कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही इन स्कूलों की हालत सुधारने के लिए कदम नहीं उठाए गए, तो नगर कांग्रेस कमेटी और युवा कांग्रेस आंदोलन करने को मजबूर होंगे। इसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ने कहा कि विद्यालयों की स्थिति बहुत खराब है। भवन क्षतिग्रस्त हो गए हैं और विद्यार्थी किराए के भवनों में पढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि भवनों की जर्जर हालत से कभी भी कोई बड़ी घटना हो सकती है। इसी मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया है।

सरस्वती विद्यापीठ स्कूल में हुआ आयोजन

माटी गणेश, सिद्ध गणेश निर्माण कार्यशाला में बच्चों ने उत्साह से बनाई गणेश प्रतिमाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद एवं आवरण सोशल वेलफेयर सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति उदयपुर एवं सरस्वती विद्यापीठ स्कूल में ह्यमाटी गणेश, सिद्ध गणेश कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुकेश प्रजापति द्वारा विद्यालय के बच्चों को मिट्टी से गणेश प्रतिमा बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। बच्चों ने बड़े उत्साह और रचनात्मकता के साथ स्वयं गणेश प्रतिमाएं तैयार कीं।

इस अवसर पर नवांकुर संस्था प्रमुख अमित शर्मा ने बच्चों से अपील की कि गणेश चतुर्थी पर अपने द्वारा बनाई गई माटी की गणेश प्रतिमा को ही घर में स्थापित करें और पर्यावरण संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुंचाएं। कार्यक्रम में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति उदयपुर के अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, अंजली शर्मा, गोविंद पाल, अमित शर्मा, सुमित शर्मा, प्रियंका प्रजापति सहित बड़ी संख्या में विद्यालय के बच्चे उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण एवं मिट्टी से बनी गणेश प्रतिमाओं को बढ़ावा देना रहा।

साक्षरता से आत्मविश्वास की ओर बढ़ीं महिलाएं, सिखाया नाम लिखना

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



बाल मित्र ग्राम परियोजना के अंतर्गत निवोदिया, जरोदपुरा, चौरावर, स्यावदा, कंजना एवं ककरावदा में महिलाओं एवं किशोरी बालिकाओं के साथ विशेष साक्षरता कार्यक्रम आयोजित किए गए। अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर सत्यार्थी मूवमेंट फॉर ग्लोबल कम्पैशन ने महिलाओं में साक्षरता के साथ-साथ आत्मविश्वास, आत्मसम्मान और अपनी बात स्वयं व्यक्त करने की क्षमता को बढ़ावा देना रहा। ग्राम की पढ़ी-लिखी किशोरी बालिकाओं ने अनपढ़ एवं बुजुर्ग महिलाओं को उनके नाम लिखना सिखाया। किशोरियों ने महिलाओं को पेन पकड़ने, अक्षर पहचानने और अपने नाम लिखने का अभ्यास कराया। लंबे समय से अपने नाम के लिए दूसरों पर निर्भर रहने वाली महिलाओं ने स्वयं अपना नाम लिखने की पहली कोशिश की साक्षरता गतिविधि को केवल पढ़ने-लिखने तक सीमित न रखते हुए महिलाओं को अपनी इच्छा, सपना और वे आगे क्या सीखना चाहती हैं, इस पर खुलकर अपनी बात रखने का अवसर दिया गया। इस पहल को मेरा नाम मेरी आवाज़ मेरी पसंद की थीम के साथ आयोजित किया गया। गतिविधि के माध्यम से महिलाओं को यह अनुभव कराने का प्रयास किया गया । कार्यक्रम के दौरान किशोरी बालिकाओं और महिलाओं के बीच सीखने-सिखाने का एक सुंदर संवाद देखने को मिला। कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि हर महिला की अपनी आवाज़, अपनी पसंद और अपने सपने हैं तथा साक्षरता उन्हें अपने जीवन के फैसलों में अधिक आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। बाल मित्र ग्रामों में आयोजित इन कार्यक्रमों में महिलाओं, किशोरी बालिकाओं एवं समुदाय के सदस्यों ने सहभागिता की। यह पहल एक पीढ़ी द्वारा दूसरी पीढ़ी को सशक्त बनाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण उदाहरण बनी, जहां पढ़ी-लिखी किशोरियां अपने ही गांव की महिलाओं के लिए साक्षरता की साथी और मार्गदर्शक बनीं।

कार्यालय बासौदा सहकारी विपणन एवं प्रक्रिया समिति मर्यादित गंज बासौदा जिला विदिशा म.प्र.

पंजीयन कमांक 9003, दिनांक 23.12.1957

क्रमांक/आमसभा/2026-27/85 **बासौदा दिनांक 09.09.2026**

वार्षिक आमसभा की सूचना

संस्था के आम सभा सदस्यों को सूचित किया जाता है कि वार्षिक आम सभा का आयोजन दिनांक 24.09.2026 दिन गुरुवार दोपहर 01.30 बजे संस्था कार्यालय गंज बासौदा में किया गया है, जिसमें आप सभी की उपस्थिति अपेक्षित है कोरम के आभाव में बैठक आधे घण्टे तक (30 मिनट) स्थागित कर पुनः प्रारम्भ की जावेगी। जिसमें कोरम की पूर्ति का ध्यान नहीं रखा जावेगा । एजेण्डा के विषय आदि की सूचना डांक (पोस्ट ऑफिस) के माध्यम से सभी सदस्यों को प्रेषित की गई है।

सही

प्रबंधक / प्रशासक

बासौदा सहकारी विपणन एवं प्रक्रिया समिति मर्यादित गंज बासौदा

मंडी कर्मचारियों ने थाने व एसडीएम कार्यालय पहुंचकर की प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की मांग

मंडी निरीक्षक से अभद्रता, जातिसूचक शब्दों के प्रयोग और जान से मारने की धमकी का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

कृषि उपज मंडी समिति सिरोंज के मंडी निरीक्षक नंदराम पंथी के साथ मंडी कार्यालय में कथित रूप से अभद्रता, गाली-गलौज, जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने एवं जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। घटना के विरोध में मंडी कर्मचारियों ने एकजुट होकर पुलिस थाना एवं एसडीएम कार्यालय पहुंचकर आवेदन सौंपा और संबंधित तुलावट के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

मंडी कर्मचारियों द्वारा दिए गए आवेदन के अनुसार घटना 8 सितंबर को सुबह करीब 10:20 बजे की है। उस समय मंडी निरीक्षक नंदराम पंथी अपने कार्यालयीन कक्ष में शासकीय कार्य कर रहे थे। इसी दौरान मंडी के एक अनुज्ञप्तिधारी तुलावट उनके कक्ष में पहुंचा और रमेश साहू नामक तुलावट के लाइसेंस के संबंध में जानकारी मांगने लगा। मंडी निरीक्षक द्वारा उसे लिखित में आवेदन देने की बात कही गई और कहा गया कि लिखित आवेदन प्राप्त होने पर नियमानुसार जानकारी उपलब्ध करा दी जाएगी। आरोप है कि इस बात से नाराज होकर संबंधित तुलावट मंडी निरीक्षक के साथ बहस करने लगा तथा कथित रूप से गाली-गलौज और अभद्र भाषा का प्रयोग किया। आवेदन में आरोप लगाया गया है कि संबंधित व्यक्ति ने मंडी निरीक्षक को अपशब्द कहने के साथ ही जातिसूचक शब्दों का भी प्रयोग किया और कार्यालय में मौजूद अन्य अधिकारी-कर्मचारियों के सामने उन्हें अपमानित किया।



कार्यालय में मौजूद कर्मचारियों के सामने दी धमकी



कर्मचारियों द्वारा दिए गए आवेदन में आरोप लगाया गया है कि संबंधित तुलावट ने मंडी निरीक्षक को धमकाते हुए कहा कि वह उन्हें जानता नहीं है और उसके थाने में पुराने रिकॉर्ड की जानकारी लेने की बात कही। आवेदन में यह भी आरोप लगाया गया है कि संबंधित व्यक्ति ने मंडी निरीक्षक को कार्यालय से बाहर निकलने तथा हम्मालों एवं तुलावटों से हाथ-पैर तुड़वाने की धमकी दी। साथ ही नौकरी खत्म करवाने और भविष्य में देख लेने जैसी धमकियां देने का भी आरोप लगाया गया है। मंडी कर्मचारियों ने आवेदन में यह भी उल्लेख किया है कि संबंधित व्यक्ति द्वारा मंडी निरीक्षक को घर जाते समय डंपर चढ़वाने की धमकी दी गई। कर्मचारियों का कहना है कि इस प्रकार की धमकियों से मंडी निरीक्षक सहित अन्य कर्मचारियों में भय का माहौल बना हुआ है।

अप्रिय घटना की आशंका, सुरक्षा की मांग

मंडी कर्मचारियों ने पुलिस एवं प्रशासन को दिए आवेदन में कहा कि घटना के बाद मंडी निरीक्षक नंदराम पंथी तथा उनके सहयोगियों में सुरक्षा को लेकर चिंता बनी हुई है। आवेदन में आशंका जताई गई है कि संबंधित तुलावट अथवा उसके सहयोगी एवं नाते-रिश्तेदारों द्वारा मंडी निरीक्षक, उनके परिवार, सहयोगी कर्मचारियों या अन्य मंडी कर्मचारियों के साथ भविष्य में कोई अप्रिय घटना की जा सकती है। कर्मचारियों ने प्रशासन से मामले को गंभीरता से लेते हुए मंडी निरीक्षक के साथ कथित रूप से की गई अभद्रता, शासकीय कार्य में बाधा, जातिसूचक शब्दों के प्रयोग, धमकी एवं सार्वजनिक रूप से अपमानित करने के आरोपों की जांच कर प्राथमिकी दर्ज करने तथा दोषी के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई किए जाने की मांग की है। मंडी कर्मचारियों का कहना है कि शासकीय कार्यालय में अधिकारी-कर्मचारी अपने दायित्वों का निर्वहन करते हैं। यदि कार्य के दौरान किसी कर्मचारी के साथ इस प्रकार अभद्रता या धमकी की घटनाएं होती हैं तो इससे न केवल कर्मचारियों का मनोबल प्रभावित होता है, बल्कि शासकीय कार्य भी प्रभावित होता है। कर्मचारियों ने प्रशासन से मामले में निष्पक्ष जांच कर दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

घटना के समय कई कर्मचारी थे मौजूद

आवेदन में बताया गया कि घटना के दौरान मंडी निरीक्षक नंदराम पंथी के साथ वरिष्ठ कर्मचारी मंडी निरीक्षक वृंदावनलाल, लेखापाल सुरेशराव पुजारी, सहायक ग्रेड-3 तपेश कुशवाह, सफाईकर्मी सीताराम घेघट, सुरक्षा सुपरवाइजर सुनील शर्मा, देवांशु सक्सेना सहित सुरक्षाकर्मी अंकित त्यागी, योगेश यादव, कपिल अहिरवार आदि कर्मचारी मौके पर मौजूद थे। कर्मचारियों ने अधिकारियों के समक्ष घटना की गंभीरता बताते हुए संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

बिना नंबर प्लेट, रजिस्ट्रेशन के दौड़ रहे थे ई-रिक्शा

नगर में ई-रिक्शा की सघन चेकिंग, 20 के चालान बनाए



सिरोंज। नगर में यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित करने और वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन कराने के उद्देश्य से यातायात पुलिस ने विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस थाने के सामने यातायात निरीक्षक रीतेश बघेला के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई में विशेष रूप से ई-रिक्शा की जांच की गई। चेकिंग के दौरान बड़ी संख्या में ई-रिक्शा चालकों द्वारा यातायात नियमों की अनदेखी किए जाने की स्थिति सामने आई। अभियान के दौरान पुलिस ने ई-रिक्शा के रजिस्ट्रेशन, नंबर प्लेट, बीमा, ड्राइविंग लाइसेंस सहित अन्य आवश्यक दस्तावेजों की जांच की। जांच में कई ई-रिक्शा ऐसे मिले, जिन पर रजिस्ट्रेशन नंबर तक अंकित नहीं था। कई वाहनों का बीमा समाप्त मिला, जबकि कुछ चालक बिना ड्राइविंग लाइसेंस के ही ई-रिक्शा संचालित करते पाए गए। कई चालकों के पास वाहन से संबंधित आवश्यक दस्तावेज भी पूरे नहीं मिले।

आम रिक्शा चालकों की शिकायत के बाद हुई विशेष चेकिंग


यातायात निरीक्षक रीतेश बघेला ने बताया कि पिछले दिनों आम रिक्शा चालकों द्वारा शिकायत की जा रही थी कि यातायात पुलिस द्वारा केवल उनके वाहनों की ही चेकिंग की जाती है। चालकों का कहना था कि यदि आम रिक्शा के लिए यातायात नियम लागू हैं तो ई-रिक्शा भी सड़क पर चलते हैं और उनके लिए भी नियमों का पालन जरूरी होना चाहिए। इसी शिकायत को गंभीरता से लेते हुए ई-रिक्शा की विशेष रूप से चेकिंग की गई। वही चेकिंग अभियान के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले ई-रिक्शा चालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई। दोपहर 2 बजे तक 20 ई-रिक्शा के चालान बनाए गए और करीब 8 हजार रुपए का जुर्माना वसूला गया। यातायात पुलिस की इस कार्रवाई से बिना दस्तावेज और नियमों के विपरीत वाहन चलाने वाले ई-रिक्शा चालकों में हड़कंप की स्थिति रही। यातायात पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे अपने वाहनों के आवश्यक दस्तावेज पूरे रखें, रजिस्ट्रेशन नंबर स्पष्ट रूप से अंकित कराएं, बीमा और अन्य जरूरी कागजात वैध रखें तथा बिना लाइसेंस वाहन न चलाएं। यातायात निरीक्षक बघेला ने कहा कि सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के पालन के लिए चेकिंग अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

कलईपुरा मंदिर में होगी मूर्ति की स्थापना

आज निकलेगी संत शिरोमणि रविदास की कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

शहर में आज आस्था और समरसता का संगम देखने को मिलेगा। संत शिरोमणि रविदास महाराज की भव्य और दिव्य मूर्ति की स्थापना को लेकर आज सुबह 10 बजे से कलश यात्रा निकाली जाएगी। इस आयोजन को लेकर पूरे नगर में उत्साह का माहौल है। सांची विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी के विशेष सहयोग से हो रहे इस आयोजन में सामाजिक समरसता का संदेश दिया जाएगा। जानकारी के अनुसार आज सुबह 10 बजे सागर रोड स्थित श्रीराम परिसर से कलश यात्रा की शुरुआत होगी। ढोल-ताशे, बैंड-बाजे और डीजे पर बजती धार्मिक धुनों के साथ यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए कलई पूरा स्थित मंदिर प्रांगण पहुंचेगी। यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु कलश लेकर शामिल होंगे। पूरे रास्ते संत रविदास महाराज के जयकारों से शहर गूंजेगा। मंदिर प्रांगण पहुंचने के बाद वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ संत रविदास की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। बताया जा रहा है कि स्थापित होने वाली मूर्ति विशेष रूप से तैयार करवाई गई है, जो श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बनी हुई है।मूर्ति स्थापना के बाद मंदिर परिसर में ही श्रद्धालुओं के लिए प्रसादी वितरण और विशाल समरसता भोज का आयोजन किया जाएगा। आयोजकों का कहना है कि



इसका उद्देश्य सिर्फ धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज में भाईचारा और समानता का संदेश देना है।

विधायक ने की अपील

विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी ने सभी नगरवासियों, भाजपा कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और सकल समाज के लोगों से अपील की है कि वे सपरिवार इस आयोजन में शामिल हों। उन्होंने कहा कि संत रविदास महाराज ने हमें 'मन चंगा तो कठौती में गंगा' का संदेश दिया। उन्होंने समाज को जात-पात से ऊपर उठकर समानता, सद्भाव और भाईचारे का रास्ता दिखाया। ऐसे आयोजनों में जब सभी वर्ग एक साथ बैठकर भोजन करते हैं, तो सामाजिक समरसता और मजबूत होती है। मैं सभी माताओं-बहनों और बंधुओं से आग्रह करता हूं कि अधिक से अधिक संख्या में आकर कलश यात्रा की शोभा बढ़ाएं और संत रविदास के विचारों को जन-जन तक पहुंचाएं।

सिरोंज की 27 गोशालाओं को 8.29 करोड़ की राशि जारी की

24 शासकीय और 3 अशासकीय गोशालाएं शामिल

सिरोंज। निराश्रित एवं बेसहारा गोवंश के भरण-पोषण और बेहतर देखभाल के लिए शासन ने सिरोंज विकासखंड की 27 गोशालाओं को 8 करोड़ 29 लाख 75 हजार 730 रुपए की राशि जारी की है। इनमें 24 शासकीय और 3 अशासकीय गोशालाएं शामिल हैं। गो संवर्धन बोर्ड से प्राप्त जानकारी के अनुसार यह राशि पंजीयन प्रारंभ होने से मार्च 2026 तक जारी की गई है। इससे गोशालाओं में चारा, भूसा, दाना, पानी, शेड सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएंगी। शासन का उद्देश्य बेसहारा गोवंश को बेहतर संरक्षण एवं पर्याप्त आहार उपलब्ध कराना है। प्रमुख रूप से कांजीखेड़ी की गोपाल गोशाला को 1.20 करोड़, चुनियाखोह की सांवरिया सेठ गोशाला को 54.23 लाख, अनूपपुर की ग्राम पंचायत गोशाला को 51.06 लाख, सिरोंज की श्री कृष्ण गोशाला को 46.86 लाख और गोपाल नगर की श्री विष्णु गोशाला को 45.11 लाख रुपए की राशि मिली है। इसके अलावा विकासखंड की अन्य गोशालाओं को भी निर्धारित राशि जारी की गई है।

11 अक्टूबर को धूमधाम से मनेगा अग्रसेन महाराजा प्रकाटोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

महाराजा धीराज श्री अग्रसेन का 5150वां प्रकाटोत्सव 11 अक्टूबर को धूमधाम से मनाया जाएगा। आयोजन को लेकर श्री अग्रवाल तरुण मंडल की साधारण सभा की बैठक प्राचीन श्री गिरधारी जी अग्रसेन मंदिर में हुई। बैठक में पूर्व कार्यकारिणी को ही आगामी तीन वर्षों के लिए जिम्मेदारी सौंपने का निर्णय लिया गया। कोषाध्यक्ष अंकुर मित्तल ने आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत करते हुए संस्था को करीब 15 हजार रुपए का घाटा बताया। संस्था अध्यक्ष विकास गर्ग ने आय के नए स्रोत तलाशने और समाज के प्रबुद्धजनों से सहयोग लेने की बात कही। प्रकाटोत्सव के अवसर पर सुबह महाराजा जी का अभिषेक, पूजन, कथा एवं महाआरती होगी। इसके बाद भोजन प्रसादी और शाम को शीतला माता मंदिर कठाली से प्राचीन श्री गिरधारी जी अग्रसेन मंदिर तक भव्य चल समारोह निकाला जाएगा। इसमें कन्याएं मंगल कलश लेकर तथा महिलाएं-युवतियां एवं पुरुष पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होंगे। बैठक में अर्पित मित्तल, नितेंद्र गोयल, सुलभ गर्ग, नितिन मंगल, अतुल गोयल, रजत गर्ग सहित समाज के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित भगवानपुर
।। वार्षिक आमसभा सूचना ।।
पंजीयन क्रमांक : 68/28/01/1963 सूचना दिनांक : 09/09/2026
बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित भगवानपुर के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि वार्षिक आमसभा की बैठक दिनांक 21/09/2026 दिन सोमवार को समय दोपहर 2 बजे स्थान समिति मुख्यालय भगवानपुर पर आयोजित की गई है। गणपूर्ति के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में आमसभा की बैठक उसी दिन उसी स्थान पर आधे घंटे पश्चात होगी। बैठक में आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।
चन्द्र शेखर सुनहरे प्रशासक/अध्यक्ष — सुन्दर सिंह राजपूत समिति प्रबंधक

बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित डंगरवाड़ा
।। वार्षिक आमसभा सूचना ।।
पंजीयन क्रमांक : 465/10/12/1992 सूचना दिनांक : 08/09/2026
बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित डंगरवाड़ा के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि वार्षिक आमसभा की बैठक दिनांक 21/09/2026 दिन सोमवार को समय दोपहर 4 बजे स्थान समिति मुख्यालय डंगरवाड़ा पर आयोजित की गई है। गणपूर्ति के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में आमसभा की बैठक उसी दिन उसी स्थान पर आधे घंटे पश्चात होगी। बैठक में आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।
रवि धाकड़चन्द्र समिति प्रबंधक — शेखर सुनहरे प्रशासक/अध्यक्ष

बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित शमशाबाद
।। वार्षिक आमसभा सूचना ।।
पंजीयन क्रमांक : 102/16/02/1967 सूचना दिनांक : 08/09/2025
बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित शमशाबाद के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि वार्षिक आमसभा की बैठक दिनांक 21/09/2026 दिन सोमवार को समय दोपहर 12 बजे स्थान समिति मुख्यालय शमशाबाद पर आयोजित की गई है। गणपूर्ति के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में आमसभा की बैठक उसी दिन उसी स्थान पर आधे घंटे पश्चात होगी। बैठक में आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।
राजेन्द्र सिंह राजपूत समिति प्रबंधक — चन्द्र शेखर सुनहरे प्रशासक/अध्यक्ष

बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित इमलिया जागीर
।। वार्षिक आमसभा सूचना ।।
पंजीयन क्रमांक : 824/24/03/1967 सूचना दिनांक : 09/09/2026
बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित इमलिया जागीर के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि वार्षिक आमसभा की बैठक दिनांक 23/09/2026 दिन बुधवार को समय दोपहर 4 बजे स्थान समिति मुख्यालय इमलिया जागीर पर आयोजित की गई है। गणपूर्ति के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में आमसभा की बैठक उसी दिन उसी स्थान पर आधे घंटे पश्चात होगी। बैठक में आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।
जानकी प्रसाद समिति प्रबंधक — चन्द्र शेखर सुनहरे प्रशासक/अध्यक्ष

बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित वर्धा
।। वार्षिक आमसभा सूचना ।।
पंजीयन क्रमांक : 210/07/02/1963 सूचना दिनांक: 09/09/2026
बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित वर्धा के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि वार्षिक आमसभा की बैठक दिनांक 19/09/2026 दिन शनिवार को समय दोपहर 12 बजे स्थान समिति मुख्यालय वर्धा पर आयोजित की गई है। गणपूर्ति के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में आमसभा की बैठक उसी दिन उसी स्थान पर आधे घंटे पश्चात होगी। बैठक में आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।
जानकी प्रसाद समिति प्रबंधक — चन्द्र शेखर सुनहरे प्रशासक/अध्यक्ष

बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित पीपलधार
।। वार्षिक आमसभा सूचना ।।
पंजीयन क्रमांक : 361/29/02/1967 सूचना दिनांक : 09/09/2026
बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित पीपलधार के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि वार्षिक आमसभा की बैठक दिनांक 23/09/2026 दिन बुधवार को समय दोपहर 2 बजे स्थान समिति मुख्यालय पीपलधार पर आयोजित की गई है। गणपूर्ति के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में आमसभा की बैठक उसी दिन उसी स्थान पर आधे घंटे पश्चात होगी। बैठक में आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।
पुरुषोत्तम शर्मा समिति प्रबंधक — चन्द्र शेखर सुनहरे प्रशासक/अध्यक्ष

बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित बिछिया
।। वार्षिक आमसभा सूचना ।।
पंजीयन क्रमांक : 1420/27/02/1967 सूचना दिनांक : 08/09/2026
बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित बिछिया के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि वार्षिक आमसभा की बैठक दिनांक 23/09/2026 दिन बुधवार को समय दोपहर 12 बजे स्थान समिति मुख्यालय बिछिया पर आयोजित की गई है। गणपूर्ति के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में आमसभा की बैठक उसी दिन उसी स्थान पर आधे घंटे पश्चात होगी। बैठक में आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।
सौदान सिंह कुशवाह समिति प्रबंधक — चन्द्र शेखर सुनहरे प्रशासक/अध्यक्ष

बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित सतपाडा हाट
।। वार्षिक आमसभा सूचना ।।
पंजीयन क्रमांक : 85/24/03/1967 सूचना दिनांक : 09/09/2026
बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित सतपाडा हाट के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि वार्षिक आमसभा की बैठक दिनांक 22/09/2026 दिन मंगलवार को समय दोपहर 4 बजे स्थान समिति मुख्यालय पर आयोजित की गई है। गणपूर्ति के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में आमसभा की बैठक उसी दिन उसी स्थान पर सतपाडा हाट आधा घंटे पश्चात होगी। बैठक में आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।
गोविंद प्रसाद भार्गव समिति प्रबंधक — चन्द्र शेखर सुनहरे प्रशासक/अध्यक्ष

बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित सांगुल
।। वार्षिक आमसभा सूचना ।।
पंजीयन क्रमांक 342/30/6/1967 सूचना दिनांक : 09/09/2026
बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित सांगुल के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि वार्षिक आमसभा की बैठक दिनांक 22/09/2026 दिन मंगलवार को समय दोपहर 2 बजे स्थान समिति मुख्यालय सांगुल पर आयोजित की गई है। गणपूर्ति के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में आमसभा की बैठक उसी दिन उसी स्थान पर आधे घंटे पश्चात होगी। बैठक में आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।
केशव त्यागी समिति प्रबंधक — चन्द्र शेखर सुनहरे प्रशासक/अध्यक्ष

बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित बरखेड़ा जागीर
।। वार्षिक आमसभा सूचना ।।
पंजीयन क्रमांक : 328/31/05/1967 सूचना दिनांक : 09/09/2026
बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित बरखेड़ा जागीर के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि वार्षिक आमसभा की बैठक दिनांक 22/09/2026 दिन मंगलवार को समय दोपहर 12 बजे स्थान समिति मुख्यालय पर आयोजित की गई है। गणपूर्ति के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में आमसभा की बैठक उसी दिन उसी स्थान पर बरखेड़ा जागीर आधे घंटे पश्चात होगी। बैठक में आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।
बाबू सिंह राजपूत समिति प्रबंधक — चन्द्र शेखर सुनहरे प्रशासक/अध्यक्ष

भारत बीज उत्पादक सहकारी संस्था मर्या - लश्करपुर
पंजी क्र/डीआर/वीडीएस/945/15/09/14 दिनांक 10/09/26
// वार्षिक आमसभा की सूचना //
भारत बीज उत्पादक सहकारी संस्था मर्या - लश्करपुर के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था की वार्षिक आमसभा दिनांक 24/09/26 दिन गुरूवार को दोपहर 1 बजे स्थान समिति कार्यालय लश्करपुर में आयोजित की जायेगी। गणपूर्ति कोरम के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में स्थगित साधारण सभा की बैठक उसी दिन उसी स्थान पर 1/2 घण्टे पश्चात होगी समस्त सदस्यों को साधारण डाक से सूचना दी गई है। बैठक में आपकी उपस्थिति आवश्यक है।
अध्यक्ष
माजिदा खान
भारत बीज उत्पादक सहकारी संस्था लश्करपुर जि.- विदिशा

बहु. प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसाइटी मर्यादित (बी-पैक्स) विदिशा जिला विदिशा (म.प्र.)
पंजीयन क्रमांक 457 दिनांक 10.12.92 दिनांक 09.09.26
-: वार्षिक आमसभा सूचना :-
बहु, प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसाइटी मर्यादित (बी-पैक्स) विदिशा के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की वार्षिक आमसभा दिन गुरुवार दिनांक 24-09-26 को दोप. 3:00 बजे स्थान समिति कार्यालय मार्केटिंग सोसायटी के भवन में आयोजित की गई है। बैठक में आपकी उपस्थिति सादर प्रार्थनीय है।
गणपूर्ति (कोरम) के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में साधारण सभा की बैठक उसी दिन उसी स्थान पर 1/2 घण्टे पश्चात होगी जिसमें गणपूर्ति आवश्यक नहीं होगी।
अंकित व्यास समिति प्रबंधक बी-पैक्स विदिशा — किशोर कुमार अहरवाल प्रशासक बी-पैक्स विदिशा

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित (बी-पैक्स) इमलिया प्रमुख शाखा विदिशा (म.प्र.)
पंजीयन क्रमांक 3638 दिनांक 22.06.1967 दिनांक 08.09.2026
वार्षिक आम सभा सूचना-पत्र
बहुउददेशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित इमलिया के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की वार्षिक आम सभा दिन गुरुवार दिनांक 24.09.2026 को दोपहर 11.00 बजे स्थान समिति कार्यालय इमलिया में आयोजित की गई है। बैठक में आपकी उपस्थिति सादर प्रार्थनीय है गणपूर्ति (कोरम) के आभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में साधारण सभा की बैठक उसी दिन उसी स्थान पर 1/2 घण्टे पश्चात् होगी ।जिसमें गणपूर्ति (कोरम) आवश्यक नहीं होगी ।
लालबहादुर सिंह राजपूत सहा.समिति प्रबंधक — किशोर कुमार अहरवाल प्रशासक

बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित पैरवारा जिला - विदिशा (म.प्र.)
पंजीयन क्रमांक: 3651 दिनाँक 22.07.1967 दिनाँक :- 10/09/2026
-: वार्षिक आमसभा सूचना :-
बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित पैरवारा के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है, कि समिति की वार्षिक आमसभा दिन गुरुवार दिनाँक 24 सितम्बर 2026 को समय दोपहर 1:00 बजे स्थान समिति कार्यालय पैरवारा पर आयोजित की जाएगी। बैठक में आपकी उपस्थिति सादर प्रार्थनीय है।
गणपूर्ति (कोरम) के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में आमसभा की बैठक उसी दिन उसी स्थान पर आधा 1/2 पश्चात होगी, गणपूर्ति (कोरम) आवश्यक नहीं होगा।
आनंद दुबे समिति प्रबंधक — किशोर कुमार अहरवाल प्रशासक

ग्रामीणों के आक्रोश के बावजूद जिम्मेदार नहीं दिखा रहे गंभीरता, बढ़ रही शराबखोरी

जिन गांवों में बंद कर दी गई वहां भी धड़ल्ले से खपाई जा रही अवैध शराब



हरिभूमि न्यूज ⏭रायसेन

जिले भर में अवैध तरीके से शराब की बिक्री का खेल नहीं रुक रहा है। हैरानी की बात यह है कि जिन गांवों में शराबबंदी का निर्णय लिया गया है, वहां पर भी भारी मात्रा में अवैध शराब खप रही है। ग्रामीणजनो का आरोप है कि शराब माफिया गांव-गांव में अपने कमीशन एजेंट बनाकर शराब बिकवा रहे हैं। इस मामले में पुलिस और आबकारी महकमे पर भी सवाल खड़े होने लगे हैं।

कहीं-कहीं तो दो शराब विक्रेताओं के बीच भी प्रतिस्पर्धा चल रही है। यही हाल रहा तो सागर जिले के बंडा जैसा मामला हो सकता है। लापरवाही का आलम यह है कि अवैध शराब की निगरानी करने और पकड़ने का काम आबकारी महकमे के अमले का है। लेकिन पुलिस छापामार कार्रवाई कर धरपकड़ कर रही है। इससे साफ जाहिर होता है कि रायसेन शहर में आबकारी अमला निठल्ला बना हुआ है। उदाहरण के तौर पर कल शाम जिला अस्पताल के सामने रायसेन कोतवाली पुलिस ने अवैध शराब पकड़ी। आबकारी अमला गायब रहा। जबकि रायसेन का प्रभार आबकारी विभाग के निरीक्षक शैलेंद्र भील संभाले हुए हैं।

सुल्तानपुर, रायसेन से आ रही अवैध शराब

रायसेन तहसील के बनगवां,रतनपुर, सालेरा ,सुंड, पठारी खरगावली गोपालपुर पाली मुरेल चांदना नेवली गनियारी पेमत मानपुर बनछोड़ आदि गांवों में पहले पूर्णता शराब बंद हो गई थी। लेकिन वर्तमान आबकारी शराब माफियाओं द्वारा इन प्रतिबंधित गांवों में अपने शराब कमीशन एजेंटों को नियुक्त कर उनके ठिकानों पर अवैध शराब की पेटियां भेज रहे हैं। इसके अलावा सुल्तानपुर के कई गांवों में सुल्तानपुर रायसेन क्षेत्र क्षेत्र से अवैध शराब की सप्लाई हो रही है। पूर्व में यहां पर शराब के पकड़े जाने के मामले सामने आए हैं। जबकि इन गांवों में शराब बंदी का निर्णय हो चुका है। पुलिस यह दावा करती है कि चोरी छिपे शराब बिक रही होगी, लेकिन शिकायती बनाकर कार्रवाई की जा रही है। पूर्व में बड़ी मात्रा में शराब की खेप ग्रामीणों ने पकड़ी थी। इसके बाद मामला पुलिस को सुपुर्द किया था। सुल्तानपुर ,बाड़ी ओबेदुल्लागंज चिकलोद क्षेत्र से भी अवैध शराब सप्लाई की जा रही है। यहां सड़कों के किनारे पान गुमठियों ढाबों और किराना दुकान होटलों पर सुरा प्रेमियों को सस्ती घटिया और कच्ची जहरीली शराब उपलब्ध हो रही है। सुल्तानपुर बाड़ी बेगमगंज गैरतगंज थाना क्षेत्र के कई गांवों में में शराबबंदी का निर्णय डेढ़ साल पहले हुआ था। इसके बावजूद भी यहां पर शराब की बिक्री हो रही है। पुलिस कार्रवाई कर शराब जब्ती करती रही है। इससे साफ है कि गांव में शराब की खपत हो रही है। बताया गया कि इन क्षेत्रों की शराब दुकानों से शराब गांव-गांव भेजी जा रही है, लेकिन जिम्मेदार कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं।



बनगवां, सालेरा मानपुर में बना दी शराब दुकानें

सागर जिले में जहरीली शराब कांड में 25लोगों की मौत की घटना ने झकझोर दिया है। इसे प्रदेश की डॉ मोहन यादव सरकार और कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा सहायक आबकारी आयुक्त डॉ शादाब अहमद सिद्दीकी अलर्ट मोड पर हैं। उनके निर्देश पर आबकारी अमले द्वारा कई ठिकानों पर कच्ची अवैध शराब की धरपकड़ कार्रवाई कर ट्रेलर भी दिखा दिया है। लेकिन बावजूद इसके शराब माफिया बाज नहीं आ रहे हैं। इन गांवों में शराबबंदी का निर्णय डेढ़ दो साल पहले ही चुका है। गांव में स्थिति यह है कि अंग्रेजी और देसी शराब बकायदा दुकान लगाकर बेची जा रही है। इस मामले में पुलिस को शिकायत होने के बाद भी कार्रवाई नहीं हो रही। पुलिस कभी कबार कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति करती है। यही हाल अन्य ग्राम पंचायतों के हैं यहां पर शराबबंदी के लिए समिति बनाई गई है, इसके बावजूद भी खुलेआम शराब बिक रही है। रायसेन तहसील के चिलवाहा भूसीमेंटा आदि गांवों की महिलाओं ने भी कलेक्ट्रेट की जनसुनवाई में अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने आवाज बुलंद की थी। कुछ महिलाओं ने बताया कि उनको मिलने वाली लाड़ली बहना की राशि उनके बेटा पतिदेव उनके खाते से निकलवा कर शराब डकार जाते हैं।

कागजों पर सरकारी काम

सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के अधिकारी मनोज बाथम पास करीब डेढ़ दर्जन ऐसे गांवों के नाम हैं, जहां पर शराबबंदी हो चुकी है। यह जानकारी केवल कागजों में है जबकि असल में यहां पर शराब की बिक्री हो रही है। पंचायतों में शराब बंदी समितियां हैं। शराब माफियाओं ने ऐसे गांवों में अपना जाल बिछाया हुआ है। शराब दुकानों से फोरव्हीलर वाहनों में शराब गांव-गांव भेजी जाती है। गांवों में सिस्टम बनाकर काम किया जा रहा है। सांची ब्लॉक की ग्राम पंचायत बन गवां को भी शराब मुक्त घोषित किया गया है। उसके बाद भी वहां शराब बिक रही है। पिछले साल महिलाओं ने शराब की खेप पकड़कर उसे पुलिस के सुपुर्द किया था।

मानपुर, परसौरा पेमत क्षेत्र में भी यही स्थिति..

इन गांवों में भी शराबबंदी का निर्णय तीन साल पहले हो चुका है। वर्तमान में यहां पर भी शराब खपाई जा रही है। शराब के कारण आए दिन विवाद होते हैं। यहां रायसेन जिले मुख्यालय क्षेत्र से शराब सप्लाई की जा रही है। लोगों का कहना है कि जब तक शराब विक्रेताओं पर लगाम नहीं लगेगी तब तक ऐसे ही शराब बिक्री का खेल होता रहेगा। गुर्गे गांव-गांव शराब पहुंचाने का काम करते हैं।

इनका कहना है

मेरे संज्ञान में सूची नहीं आई है जहां शराबंदी हो चुकी है। लेकिन कलेक्टर, एमपी सरकार के सख्त आदेश के बाद जिलेभर में अवैध शराब कच्ची शराब बेचने वाले शराब माफियाओं की धरपकड़ अभियान आबकारी अमले द्वारा तेज कर दिया गया है।

- डॉ शादाब अहमद सिद्दीकी, सहायक आबकारी आयुक्त रायसेन

गैरतगंज में पानी के लिए हाहाकार : 3 महीने से लगा रहीं चक्कर पर नहीं हुई सुनवाई

महिलाओं ने लगाई गुहार, किराए में हजारों फूंक दिए, फिर भी एक बूंद पानी नहीं मिला

रायसेन एसडीएम मनीष शर्मा ने पीएचई अफसर को फोन पर लगाई फटकार



हरिभूमि न्यूज ⏭रायसेन

जिले में जलसंकट कितना गहरा है, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि गैरतगंज के समीप सिलवानी स्टेट हाईवे किनारे गांव की लोहपीटा समाज की महिलाएं पानी के लिए दर-दर भटक रही हैं। पिछले 3 महीने से पानी नहीं मिल रहा है और जिम्मेदार अधिकारी सुनने को तैयार नहीं। जलसंकट से परेशान होकर महिलाएं 240 रुपए किराया खर्च कर गैरतगंज से रायसेन गैरतगंज एसडीएम कार्यालय पहुंचीं और रायसेन कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा, एसडीएम मनीष शर्मा के सामने अपनी पीड़ा रखी। महिलाओं ने एसडीएम मनीष शर्मा के सामने कहा - साहब, हम 3 महीने से चक्कर लगा रहे हैं। कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा से भी मुलाकात कर महिलाओं ने अपनी व्यथा सुनाई। परेशान महिलाओ द्वारा हर बार सिर्फ कोरा आश्वासन मिलता है। गैरतगंज से रायसेन आने-जाने में हर बार 240 रुपए किराया लगता है। अब तक हम हजारों रुपए किराए में ही खर्च कर चुके हैं, लेकिन हमारे घरों में पानी की एक बूंद तक नहीं पहुंची है। कई बार नगर परिषद गैरतगंज और पीएचई विभाग गैरतगंज के अधिकारियों से शिकायत की, आवेदन दिए, लेकिन हर बार 'कल हो जाएगा, परसों हो जाएगा' कहकर टाल दिया जाता है। मजबूरी में उन्हें जिला मुख्यालय का रुख करना पड़ा।

एसडीएम का फूटा गुस्सा फोन पर ही जिम्मेदार अफसर को फटकारा

महिलाओं की बात सुनते ही एसडीएम मनीष शर्मा गंभीर हो गए। उन्होंने मौके पर ही संबंधित विभाग के अधिकारी को फोन लगाया और जमकर फटकार लगाई। एसडीएम श्री शर्मा ने कहा कि तीन महीने से महिलाएं परेशान हैं और आप लोग कुर्सी पर बैठे हैं। ये लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आज ही मौके पर जाकर समस्या का समाधान कर मुझे रिपोर्ट दो।एसडीएम श्री शर्मा के सख्त रुख के बाद अधिकारियों में हड़कंप मच गया। एसडीएम श्री शर्मा ने महिलाओं को आश्वासन दिया है कि 24 घंटे के भीतर उनके क्षेत्र में पानी की सप्लाई शुरू करवाई जाएगी।

बहरहाल अब देखना यह है कि एसडीएम शर्मा की फटकार के बाद संबंधित विभाग हरकत में आता है या फिर यह भी सिर्फ एक औपचारिक कार्रवाई बनकर रह जाएगी।

छींद हनुमान मंदिर में राजस्थान के लाल पत्थरों से धर्मशाला का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭बरेली

संपूर्ण नर्मदा क्षेत्र में ख्याति प्राप्त हनुमान मंदिर छींद धाम में श्रद्धालुओं की सुविधा और मंदिर परिसर को भव्यता प्रदान करने राजस्थान के लाल पत्थरों से धर्मशाला का निर्माण कार्य किया जा रहा है। प्रति शनिवार, मंगलवार हजारों श्रद्धालु अपनी प्रार्थना पुकार लेकर छींद धाम मंदिर आते हैं और हनुमान जी सच्चे मन से की गई प्रार्थना से भक्तों के दुख दर्द संकट दूर करते हैं।छींद धाम मंदिर परिसर में पूर्व से एक धर्मशाला है दूसरी



लाल पत्थरों से धर्मशाला का निर्माण राजस्थान से आए कारीगरों द्वारा किया जा रहा है। धर्मशाला निर्माण कार्य की शुरुआत मंदिर समिति के अध्यक्ष कृष्ण कुमार रघुवंशी द्वारा की गई । राजस्थान के कारीगर छींद धाम में ही निवास कर राजस्थानी शैली में राजस्थान से आए लाल पत्थरो से धर्मशाला का निर्माण कर रहे है। निर्माण कार्य प्रारंभिक अवस्था में है आने वाले दिनों में धर्मशाला का भव्य दिव्य स्वरूप सामने आना शुरू हो जाएगा। श्रद्धालुओं को होगी सुविधा- छींद धाम मंदिर परिसर में पिछले वर्षों में हुए कार्यों से श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिल रही हैं। सुविधाओं के विस्तार में इजाफा करते हुए लाल पत्थरों से धर्मशाला का निर्माण हो जाने से श्रद्धालुओं को रात्रि विश्राम की बेहतर सुविधा मिलेगी। मंदिर समिति के अध्यक्ष कृष्ण कुमार रघुवंशी द्वारा किया जा रहा है।

ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी की सेवानिवृत्ति से पद रिक्त

खेती में मनमाने ढंग से खाद, कीटनाशकों का भारी उपयोग से घट रही उर्वरा क्षमता



हरिभूमि न्यूज ⏭बरेली

कृषि प्रधान नर्मदा क्षेत्र की बाड़ी, बरेली, उदयपुरा, देवरी तहसीलों के हजारों किसानों द्वारा धान, गेहूं ,चना, मूंग इत्यादि की खेती में अपने अनुमान और बिना मिट्टी की जांच कराए मनमाने ढंग से विभिन्न प्रकार के रासायनिक खाद और कीटनाशकों का अंधाधुंध प्रयोग किए जाने से भूमि की उर्वरक क्षमता घटने के साथ विभिन्न प्रकार के कीटाणु जमीन में निरंतर बने रहते हैं ।कृषि विभाग में मैदानी अमले की भारी कमी रहने से किसानों को उचित मार्गदर्शन और सरकार की विभिन्न कृषि योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता है।

वर्ष में तीन फसलों की खेती

वर्षों पूर्व रायसेन जिले का केंद्र सरकार द्वारा उद्यानिकी फसलों के लिए चयन किया गया। एक जिला एक उत्पाद योजना से भी अधिकांश किसान नहीं जुड़ पा रहे हैं। जिले के विभिन्न ग्रामों में वृहद स्तर पर सब्जी की खेती किसान अपने अनुभव से कर रहे हैं। क्षेत्र के किसान सिंचाई सुविधा का लाभ उठाकर वर्ष में तीन फसलों की पैदावार ले रहे हैं। किसानों की अधिकांश लागत फसलों की सुरक्षा में रासायनिक कीटनाशकों के उपयोग मनमाने ढंग से महंगी रासायनिक खाद का उपयोग और कृषि मजदूरी पर खर्च हो जाती है। नर्मदा क्षेत्र में जैविक खेती जैविक उत्पादक उपयोग की नगण्य स्थिति बनी हुई है। खेती लाभ का धंधा नहीं बनने के स्थान पर सिर्फ परिवार के भरण पोषण का साधन बना हुआ है।

कृषि विभाग में पद खाली

बाड़ी में वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी और कृषि विभाग का अनु विभाग कार्यालय है, जो एक सिरे पर है कार्य क्षेत्र दूर-दूर तक फैला हुआ है। ग्रामीण क्षेत्र में किसानों को सलाह विभिन्न योजनाओं का लाभ पहुंचाने वाले मैदानी अमले के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों के पद सेवानिवृत हो जाने से वर्षों से रिक्त बने हुए हैं ।कृषि विभाग की विभिन्न योजनाएं सिर्फ फाइलों में बनी रहने और निचले स्तर पर किसानों के पास नहीं पहुंच पाने की स्थिति बन रही है।

नहीं जांच प्रयोगशाला

जिस क्षेत्र में प्रति सीजन हजारों टन रासायनिक खाद का किसान उपयोग करते हैं। उस क्षेत्र में एक भी स्थान पर मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला नहीं है। लाखों करोड़ों रूपयों का कीटनाशक दवाओं का व्यापार प्रति सीजन हो रहा है परंतु जांच प्रयोगशाला नहीं है। इसी कारण किसानों द्वारा अपने अनुभव अनुमान से खेती में विभिन्न रासायनिक खाद और कीटनाशकों का उपयोग करने की नुकसानदायक स्थिति का सामना करना पड़ रहा है।



मनमोहन शर्मा को फिर परशुराम सेना का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया, शुभचिंतकों ने दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ⏭बरेली

भोपाल में परशुराम सेना की प्रदेश स्तरीय बैठक का आयोजन हुआ जिसमें प्रदेश के 400 से अधिक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सम्मिलित हुए। परशुराम कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष पंडित विष्णु प्रसाद राजोरिया संरक्षक पं. राकेश चतुर्वेदी, प्रदेश अध्यक्ष पं. अनूप शुक्ला एवं समस्त प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में सर्वसम्मति से पं. मनमोहन शर्मा को पुनः परशुराम सेना के रायसेन जिला अध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई। उनके पुनः मनोनयन पर विभिन्न सामाजिक संगठनों, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं उनके शुभचिंतकों ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। पं.मनमोहन शर्मा लंबे समय से सामाजिक धार्मिक एवं संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय रहते हुए समाज को एकजुट करने और युवाओं को संगठन से जोड़ने का कार्य करते रहे हैं। उनके अनुभव, सक्रियता एवं नेतृत्व क्षमता को देखते हुए परशुराम सेना मध्य प्रदेश संगठन ने उन्हें पुनः जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है।

जिला शिक्षा विभाग में बड़ी सर्जरीः अब डीईओ होंगे निर्मला नंदन

डीडी रजक को वरिष्ठ प्राध्यापक बनाकर डाइट भेजा गया



हरिभूमि न्यूज ⏭रायसेन

जिला शिक्षा विभाग और जिला शिक्षा केंद्र में बड़ा फेरबदल हो गया। लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल ने प्रशासनिक कार्य सुविधा का हवाला देते हुए डीईओ डीडी रजक को कुर्सी से हटा दिया है, अब उन्हें जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) रायसेन में समकक्ष पद पर भेजा गया है। डीपीआई भोपाल से जारी आदेश के मुताबिक अब रायसेन के डीईओ का प्रभार भोपाल में पदस्थ सहायक संचालक निर्मला नंदन तिवारी संभालेंगे। नवागत डीईओ तिवारी अपने वर्तमान दायित्वों के साथ-साथ रायसेन डीईओ का अतिरिक्त प्रभार देखेंगे। वहीं एक और अहम बदलाव करते हुए संयुक्त संचालक कार्यालय भोपाल संभाग में पदस्थ सहायक संचालक प्रदीप चतुर्वेदी को रायसेन का नया जिला परियोजना समन्वयक (डीपीसी) जिला शिक्षा केंद्र जिला समन्वयक नियुक्त किया गया है। विभाग ने भले ही इसे सामान्य प्रशासनिक व्यवस्था बताया है, लेकिन जिले में इस फेरबदल को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है।

जिला परियोजना समन्वयक का पदभार ग्रहण

लोक शिक्षण संचालनालय के आदेशानुसार प्रदीप चतुर्वेदी ने बुधवार को जिला परियोजना समन्वयक का पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर कार्यालयीन स्टाफ ने उनका हारफूलों स्वागत करते हुए शुभकामनाएं दीं। पदभार ग्रहण के पश्चात जिला सह समन्वयक ने समस्त स्टाफ एवं शाखा प्रभारियों की बैठक ली। बैठक के बाद जिला शिक्षा केंद्र के विभिन्न कक्षों का निरीक्षण कर जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारियों को हिदायत भी दी। बैठक में जिला परियोजना समन्वयक ने सभी शाखा प्रभारियों से विभागीय कार्यों को लेकर गहन चर्चा की। इस दौरान कार्यालयीन कार्यों की समीक्षा और आगामी गतिविधियों को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया।

एसडीएम को प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव के नाम दिया ज्ञापन, अनिवार्य सेवानिवृत्ति पर जताई आपत्ति

2010 से पहले नियुक्त शिक्षकों को टीईटी से छूट देने की मांग, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭सिलवानी

मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ शाखा सिलवानी ने विभिन्न मांगों को लेकर एसडीएम अलका सिंह को ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव के नाम संबोधित है, जिसमें कई मांगों पर तत्काल कार्रवाई की मांग की गई है। ज्ञापन में मुख्य मांग निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के तहत 31 मार्च 2015 के पूर्व नियुक्त शिक्षकों को अध्यापक पात्रता परीक्षा (टीईटी परीक्षा) में छूट प्रदान करने की है। संघ का कहना है कि राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ के अखिल भारतीय आह्वान पर यह मांग उठाई जा रही है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि भारत सरकार द्वारा 2001 में एनसीटीई अधिनियम में संशोधन कर शिक्षकों की नियुक्ति के



लिए बीएड एवं डीएड की अनिवार्यता की गई थी। इसके बाद 23 अगस्त 2010 की एनसीटीई अधिसूचना में कक्षा 1 से 8 तक के शिक्षकों के लिए टीईटी अनिवार्य किया गया, लेकिन कंडिका 4 में स्पष्ट कहा गया था कि इस अधिसूचना की तिथि से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को निर्धारित न्यूनतम योग्यता हासिल करने की आवश्यकता नहीं है।

इसी तरह 10 अगस्त 2017 के राजपत्र में भी 31 मार्च 2015 के पूर्व नियुक्त शिक्षकों को 4 वर्ष में न्यूनतम अर्हता अर्जित करने का प्रावधान किया गया था। संघ का तर्क है कि इन सभी राजपत्रों से स्पष्ट है कि 2010 या 31 मार्च 2015 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता से छूट मिलनी चाहिए। संघ ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के हाल के निर्णय में 5 वर्ष से कम सेवा वाले शिक्षकों को छोड़कर शेष को टीईटी नहीं होने पर अनिवार्य सेवानिवृत्ति का उल्लेख है, जिसमें 10-15 वर्ष से अधिक कार्यरत शिक्षकों के अनुभव और प्रशिक्षण की अनदेखी की गई है। अनुभव की योग्यता अन्य योग्यताओं से श्रेष्ठ है।संघ ने मांग की है कि 2010 के पूर्व नियुक्त शिक्षकों को स्पष्ट परिपत्र जारी कर टीईटी से छूट प्रदान की जाए। इस मौक पर धर्मदास कुशवाहा, प्रकज भार्गव, राकेश श्रीवास्तव, अजीत श्रीवास्तव, मंयक रघुवंशी, चन्द्रंभान मांझी, रायकवार,महेंद्र दुवे, जुवेर उददीन, प्रीति श्रीवास्तव, इसरत जहां, दिनेशी प्रधान, नवल साहू, भारत बाबू सैनी, हरि नारायण रघुवंशी राम मोहन रघुवंशी, कुंज विहारी रघुवंशी, सतीष ओखले आदि मौजूद रहें।

कार ने बाइक को मारी टक्कर, घायल को एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया

हरिभूमि न्यूज ⏭रायसेन

जिले के बाड़ी थाना क्षेत्र में हरसिली बाड़ी टोल प्लाजा के पास कार की टक्कर से बाइक सवार घायल हो गया। हादसे में धूमारगढ़ निवासी अरविंद को चोटें आई हैं। सूचना मिलते ही एम्बुलेंस के पायलट संदीप कुशवाह और ईएमटी मनमोहन शिल्पी तत्काल मौके पर पहुंचे। एम्बुलेंस कर्मियों ने घायल को प्राथमिक सहायता दी। इसके बाद स्वास्थ्य राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल की मौजूदगी में घायल को तत्काल बाड़ी अस्पताल शिफ्ट कराया गया। अस्पताल में घायल का उपचार जारी है।

समय पर पहुंची एंबुलेंस

हादसे के बाद एम्बुलेंस कर्मियों की तत्परता से घायल को समय पर चिकित्सा सुविधा मिल सकी। मौके पर प्राथमिक उपचार के बाद उसे अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों द्वारा उपचार किया जा रहा है।